**दिनांक 26.04.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जनपद में 'जल जीवन मिशन' के तहत नियमित जलापूर्ति तथा आ रही समस्याओं के समाधान के सम्बन्ध में आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त**

---

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद में 'जल जीवन मिशन' के तहत नियमित जलापूर्ति तथा आ रही समस्याओं के समाधान के सम्बन्ध में आयोजित समीक्षा बैठक का आयोजन अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 26.04.2025 को अपरान्ह 12:30 बजे से कलेक्ट्रेट, हमीरपुर में सम्पन्न हुई। समीक्षा बैठक मे निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें-

1. श्री मानवेन्द्र कुमार, सहायक अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर।
2. श्री शिवम कुमार, सहायक अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर।
3. श्री अभिमन्यु तिवारी, डी0टी0एल0, सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई0), हमीरपुर।
4. श्री रोहित गर्ग, मैके0इंजी0, सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई0), हमीरपुर।
5. श्री आर0के0शुक्ल, सुपरविजन इंजी0, पी0एम0सी0, हमीरपुर।
6. श्री मयूर जैन, JWIL SPML(JV), Hamirpur.
7. श्री कृष्णन, PNC-SPML(JV), Hamirpur.
8. श्री राकेश पारिख, डी0पी0एम0, PNC-SPML(JV), Hamirpur.
9. श्री अशोक कुमार, श्री हरि इन्फ्रा प्रा0 लि0।

डी0टी0एल0, सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई0), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत योजना के लगभग समस्त कार्य पूर्ण कर दिनांक 10.03.2025 को O&M(Operation and Mentinace) चरण में गयी। ग्राम खण्डेहीजार, वि0ख0 सुमेरपुर व ग्राम किसुनपुर, काछिन, लक्ष्मन का डेरा तथा मोहनपुरवा, विकास खण्ड मौदहा में जलापूर्ति शून्य है। ग्राम कलौलीजार, वि0ख0 सुमेरपुर तथा ग्राम बरसावा, रतौली, गुरदहा, इसौली, छिरका, भटुरी, भैरस्ता, तिन्दुही व भभनी का डेरा-2, वि0ख0 मौदहा में जलापूर्ति 20-30%, ग्राम रोहारी, घटकना, छिमौली, मकरॉव, बिदोखर वि0ख0 मौदहा में जलापूर्ति 35-40%, ग्राम माचा, परछा, छिरकाव, उरदना, बांक व पिपरौंधा,वि0ख0 मौदहा में जलापूर्ति 45-50%, ग्राम बांकी, पारा रैपुरा व बिलाडी वि0ख0 सुमेरपुर तथा ग्राम परेहटा, बिगहना, चकदहा, बिहरका, गेहबरा, छानी व पाटनपुर, वि0ख0 मौदहा में जलापूर्ति 60-70% एवं ग्राम चन्दौलीतीर सुमेरपुर व ग्राम भभानी, उरदना, टोलामाफ, छिमौली, बक्छा, रिमौली, चमरखन्ना व पढ़ोरी वि0ख0 मौदहा में जलापूर्ति 75-85% की जा रही है।

डी0टी0एल0, सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई0), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि वि0ख0 सुमेरपुर के ग्राम इसौली में प्राइमरी स्कूल की तरफ पानी नहीं जा रहा है। ग्राम टिकरौली में बब्बू के घर से धर्ममाल के घर तक, श्याम गुप्ता, राजकुमार, रज्जन निषाद, गुरूचरन आदि के घर में जलापूर्ति नहीं है तथा रंधीर के घर के पास लीकेज बना हुआ है। ग्राम मोहर में दिनेश मिश्रा के घर से श्रीपाल के घर तक, नीरज शिवहरे के घर से बच्चू के घर तक जलापूर्ति नहीं है व राममूरत सददू के घर के पास, तालाब के पास तथा कल्लू यादव के घर के पास लीकेज है। ग्राम चन्दौलीतीर में शिव मंदिर के पास, छज्जूलाल के घर से देवी प्रसाद के घर तक जलापूर्ति नहीं है। ग्राम अमिरता में आटा चक्की से पाल मोहल्ला तक जलापूर्ति नही हो रही है। ग्राम गहतौली में जयकरन विश्वकर्मा के घर से मुन्नीलाल विश्वकर्मा के घर तक पानी नही पहुँच रहा है, जयकरन विश्वकर्मा के घर के सामने लीकेज है तथा ग्राम में लगभग 20 परिवार नये कनेक्शन किये जाने की मॉग कर रहे हैं। ग्राम जलाला में झन्नू, बिन्दापाल, कमल, शिवकरन आदि के



Scanned with OKEN Scanner

घरों में जलापूर्ति नहीं है तथा कल्लू के घर के सामने लीकेज है। इसी प्रकार वि0ख0 गौंदहा के ग्राम रूरीपारा में 04 स्थानों पर लीकेज है। ग्राम सिलौली में शिवा तिवारी, बदी यादव, चुन्नवाद, पन्ना यादव, कल्लू धोबी, शिवमंगल, महेश, राजेश आदि लगभग 55 परिवारों को अभी तक नल के माध्यम से जलापूर्ति नही है। ग्राम भमनी का डेरा-2 में लगभग 90 परिवारों को जलापूर्ति नहीं है। ग्राम पलरा में यासीन, शाकीन, भाकीर, सुलतान, जालान्धर, रामसिंह यादव, बरदानी, शिवशंकर, अवधेश, सुनील बच्चा वर्मा अनीश पप्पू, नवाब अली आदि के घरों में जलापूर्ति नहीं है। ग्राम पाटनपुर में केला देवी मंदिर के पास 10 घरों में पानी नहीं जा रहा है। ग्राम टोलामाफ में अवधेश कुमार, राममोहन, पूरन यादव, प्रमोद यादव आदि के घर कनेक्शन नही किया गया है। ग्राम चांदीकला में ब्रजेश को कनेक्शन दिया जाना शेष है, राम किशोर सिंह और कुशवाहा मोहल्ले में पानी नही आ रहा है। ग्राम फत्तेपुरवा, जिगनौडा में जलापूर्ति प्रतिदिन नहीं की जा रही है। ग्राम बक्छा में मेन लाइन लीकेज के कारण 100 प्रतिशत जलापूर्ति नहीं है। ग्राम छोटा लेवा तथा बडा लेवा में ऊँचाई वाले स्थानों पर पानी नहीं जा रहा है। ग्राम छेडीबेनी में पानी की आपूर्ति पंडित मोहल्ले में चार घरों में तथा ऊँचाई वाले स्थानों पर नहीं है। कार्यदायी फर्म द्वारा लीकेज पाइप लाइन मरम्मत/शिकायतों के निस्तारण हेतु पर्याप्त मानवश्रम नहीं लगाया गया है, जिसके कारण शिकायतों का ससमय निस्तारण नहीं किया जा रहा है व शत-प्रतिशत परिवारों को नियमित जलापूर्ति नहीं हो पा रही है।

कार्यदायी फर्म द्वारा शत-प्रतिशत परिवारों को जलापूर्ति/शिकायतों का ससमय निस्तारण न किये जाने पर असंतोष प्रकट किया गया तथा निर्देशित किया गया कि पर्याप्त मानशक्ति लगाकर शत-प्रतिशत परिवारों को जलापूर्ति सुनिश्चित करें, 07 दिवस के अन्दर अनुपालन आख्या उपलब्ध करायें।

कार्यदायी फर्म पी.एन.सी-एस.पी.एम.एल.(जेवी) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण कर दिनांक 10.11.2025 को O&M(Operation and Mentinace) चरण में गयी, योजना में 02 हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किया जाना शेष है। डी0टी0एल0, सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई0), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि वि0ख0 कुरारा के ग्राम लहरा 30%, ग्राम खरेहटा व शंकरपुर में जलापूर्ति 50%, ग्राम बदनपुर में जलापूर्ति 60%, ग्राम करियापुर, बेहदीना भुज्जपुर में जलापूर्ति 80% एवं ग्राम हररुन्डी मे जलापूर्ति 85% की जा रही है। ग्रामों में शत-प्रतिशत जलापूर्ति नहीं की जा रही है। वि0ख0 कुरारा के ग्राम कनौटा डांडा में शिव मंदिर वाली गली में पानी नही पहुँच रही है। ग्राम जखेला में पुरानी टंकी से जलापूर्ति की जा रही है तथा ऊँचाई वाले स्थानों पर पानी नही जा रहा है। ग्राम गुलाबगंज में रामसिंह, मईयादीन, वीरसिंह, सोनू आदि के घरों में पानी नही चल रहा है। ग्राम करियापुर में पुलिया के पास लीकेज है। ग्राम शंकरपुर में सतेन्द्र, शिवचरन, सोनू, अवधेश आदि के घरों में जलापूर्ति नहीं है तथा राजबहादुर के घर के पास लीकेज है। ग्राम बरूआ में पाल बस्ती, ऊँचाई वाले घरों में मंदिर के पास पानी नही जा रहा है। ग्राम भटपुरा डांडा में पुराने नलकूप से जलापूर्ति की जा रही है तथा भटपुरा डांडा, रघवा, रिठौरा डांडा के प्रारम्भ के कुछ घरों में मोटर लगे होने के कारण कुछ घरों में पानी नहीं जा रहा है। ग्राम जमरेही डांडा में पाइप लाइन डैमेज होने के कारण जलापूर्ति नहीं हो रही है। ग्राम मनकीकला में ग्रामवासी मेन पाइन लाइन से कनेक्शन कर खेत की सिंचाई कर रहे हैं। विकास खण्ड मुस्करा के बेहदीना में 05 जगहों पर, भुजपुर में 03 जगहों, रूरीपारा में 04 स्थानों पर लीकेज पाया गया। ग्राम कन्धौली में हरिश्चन्द्र पाल से रामदीन पाल के घर तक 10 परिवार, सुलभ शौचालय से लेकर मइयादीन के घर तक 25 परिवार तथा परशुराम के घर से



Scanned with OKEN Scanner

चौराम धोबी के घर तक 04 परिवारों को जलापूर्ति नहीं है। ग्राम मसगॉव, न्यूरिया में आशाराम के घर से
प्रा0वि0 तक मुख्य सड़क पर 20 परिवारों को तथा सार्वजनिक शौचालय से गॉदहा रोड तक लगभग 50
घरों में जलापूर्ति नहीं है। ग्राम पहरा में मेन पाइप लाइन लीकेज है, मानसिंह के घर से राकेश के घर
तक 20 परिवार, रामदीन के घर से बृजनन्दन के घर तक 40 परिवार, लोकेन्द्र के घर से डड्डू महराज
के घर तक 10 परिवारों को जलापूर्ति नहीं है। ग्राम हुसैना में शिवबालक के घर से सूरत तिवारी के घर
तक 15 परिवार, ग्राम टीहर में जहांलाल गुप्ता के घर से अमरनाथ के घर तक 35 परिवार, टेलर से
रामफल के घर तक 07 परिवार, दयाशंकर पाल के घर से छोटे पाल के घर तक 05 परिवार, रामदास के
घर से कामता वर्मा के घर तक 25 परिवारों को तथा ग्राम बिकरोना टीहर में श्याम मौर्या के घर से
शिवधनी मौर्या के घर तक 10 परिवारों को जलापूर्ति नहीं हो रही है। ग्राम मिहुना में जलापूर्ति बहुत कम
अथवा कभी-कभी की जाती है। लोधामऊ (बांधुर बुजुर्ग) में मजरा भटरा में ऊँचाई पर 03 घरों में पानी
नहीं जा रहा है। वि0ख0 सरीला के ग्राम राजामऊ में बिना रासायनिक डोजिंग के आपूर्ति की जा रही है,
लगभग 09 कनेक्शन किया जाना शेष है तथा ऊँचाई वाले स्थानों लगभग 10 घरों में जलापूर्ति ठीक ढंग
से नहीं की जा रही है। ग्राम रिरूवा बुजुर्ग में डोजिंग मशीन 02 माह से काम नहीं कर रही है, बिना
रासायनिक डोजिंग के आपूर्ति की जा रही है, लगभग 04 कनेक्शन किया जाना शेष है। ग्राम हरसून्डी में
फ्लो मीटर कार्य नहीं कर रहा है, दरबार मोहल्ले में लगभग 15 परिवारों को जलापूर्ति नहीं की जा रही है,
बाऊन्ड्रीवाल, स्टाफ क्वार्टर और प्लिंथ प्रोटेक्शन में कुछ दरारें पायी गयी है। ग्राम कदौरा में बिना
रसायनिक डोजिंग के जलापूर्ति की जा रही है तथा पंडित मोहल्ले में लगभग 25 परिवारों को जलापूर्ति
नहीं है। ग्राम छेड़ी बेनी में पंडित मोहल्ले में 04 घरों में तथा ऊँचाई वाले घरों में जलापूर्ति नहीं है, तथा
बाऊन्ड्रीवाल में दरार पायी गयी है। ग्राम न्यूलीबारा में बिना रसायनिक डोजिंग के जलापूर्ति की जा रही
है, लोधीपुरा मुहाल में लगभग 35 घरों में जलापूर्ति नहीं है। ग्राम बरहरा में लगभग 70 परिवारों को
जलापूर्ति नहीं हो रही है। डी0टी0एल0, टी0पी0आई0 द्वारा बताया गया कि फर्म द्वारा लीकेज मरम्मत तथा
शिकायतों के निस्तारण हेतु पर्याप्त टीमें नही लगायी गयी है।

शिकायतों का निस्तारण ससमय न किये जाने पर असंतोष प्रकट किया गया तथा कार्यदायी फर्म
को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त टीमें लगाकर पाइप लाइन लीकेज तथा पेयजल से सम्बन्धित प्राप्त
होने वाली शिकायतों का ससमय निस्तारण करायें तथा यदि किसी ग्राम/मोहल्ले में कार्य अवशेष हो तो
पूर्ण करा लिया जाय। हर घर जल प्रमाणीकरण दिनाक 10.05.2025 के पूर्व पूर्ण करा लिया जाय।

कार्यदायी फर्मो को निर्देशित किया गया कि योजना से आच्छादित समस्त ग्रामों के प्रत्येक परिवार
को निर्धारित रोस्टर के अनुसार तथा दैनिक रूप से शत-प्रतिशत जलापूर्ति सुनिश्चित की जाय तथा
पर्याप्त टीमे लगाकर शिकायतों का यथाशीघ्र निस्तारण कर अनुपालन आख्या अधि0 अभि0, जल निगम
ग्रामीण को उपलब्ध कराई जाय।

अधिशासी अभियंता/सहायक अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर को निर्देशित किया कि यह
सुनिश्चित कर लिया जाय की पेयजल की आपूर्ति प्रतिदिन व नियमित रूप से रोस्टर के अनुसार
शत-प्रतिशत परिवारो को की जा रही है! विगत वर्षों में ग्रीष्म ऋतु में पानी की अधिक समस्या वाले
ग्रामों, विशेषतः ऊँचाई पर स्थित ग्राम/मुहल्लों में पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित कर लिया जाय,
जिससे ग्रीष्मऋतु में पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो। पेयजल की नियमित रूप से जॉच की जाय कि
पेयजल की आपूर्ति मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण की जा रही है। डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, सेन्सिस टेक



Scanned with OKEN Scanner

लि0(टी0पी0आई0) को निर्देशित किया कि प्रतिदिन 10 ग्रामों का निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध करायी जाय।

निर्देशित किया गया कि अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर, टी0पी0आई0 तथा पी0एम0सी0 व्यक्तिगत रूचि लेते हुए व निरंतर पर्यवेक्षण करते हुए कार्य मानक के अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण तथा स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन के अनुरूप कराये तथा कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय।

अन्त में सभी को धन्यवाद देते हुए बैठक समाप्त की गयी।

अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
हमीरपुर।

**कार्यालय जिलाधिकारी, हमीरपुर**

*(An ISO 9001:2015 Certified Collectorate)*

पत्र संख्या-984/न0गं0-पे0यो0-स0बै0(2025-26) दिनांक-03 मई, 2025

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को अनुपालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु-

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ। (ई-मेल)
2. जिलाधिकारी महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
3. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
4. मुख्य अभियन्ता, एस0डब्लू0एस0एम0, लखनऊ। (ई-मेल द्वारा)
5. मुख्य अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झांसी। (ई-मेल द्वारा)
6. अधीक्षण अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बांदा।
7. अधिशासी अभि0, जल निगम(ग्रामीण), हमीरपुर को इस निर्देश के साथ कि समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए 05 दिवस के अन्दर अनुपालन आख्या उपलब्ध करायें।
8. अधिशासी अभियंता वि0/यां0, जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट। (ई-मेल द्वारा)
9. डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई0)/सुपरविजन इंजी0, पी0एम0सी0 हमीरपुर।
10. प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0/जनरल मैनेजर, जे0डब्लू0आई0एल0, हमीरपुर को अनुपालनार्थ।
11. पुर्नगठन योजना की समस्त कार्यदायी फर्मों को अनुपालनार्थ। (ई-मेल द्वारा)

अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
हमीरपुर।



Scanned with OKEN Scanner